कक्षा 6

कार्य पत्रिका -3

साहित्य- पाठ 17

व्याकरण- पर्यायवाची, शुद्ध -अशुद्ध, काल, अपठित पद्यांश

1) निम्नलिखित शब्दों को शुद्ध करके लिखिए।

उनकी माताजी बूडी हैं।

हम एक ईसवर की सनतान हैं।

उन्होंने एक परतीगया की है।

मैं पत्र पडता हूँ।

2) अपठित पद्यांश

नन्ही नन्ही जल की बूँदें,
जब लेकर आता बादल।
बेला की नव पंखुड़ियों में,
मोती बिखराता बादल।
कुछ झुक- झुककर,कुछ हँस-हँसकर,
कुछ सिहर-सिहर, कुछ मचल- मचल।
चंपे की कलियाँ खिल उठतीं,
नव जल से सुरभित हो-होकर

क) बादल क्या लेकर आता है?

ख) चंपा की कलियाँ कब खिल उठती हैं?

ग) सुरभित शब्द में कौन सा प्रत्यय लगा है?

घ) काव्यांश का उपयुक्त शीर्षक दीजिए।

3) निम्नलिखित वाक्य में प्रयुक्त क्रियाओं के काल बताएँ।

क) गोपाल विद्यालय जा चुका है।

ख) बारिश हो रही है।

ग) मैं पत्र लिखूँगा।

घ) जब मैं राम के घर गई तब वह जा चुका था।

4) निम्नलिखित के कम से कम तीन तीन पर्याय लिखें।

भाई, बिजली, भँवरा

5) जूलिया कौन थी?

6) लेखक के दोनों बच्चों के नाम लिखिए।

7) केवल अर्थ लिखें।

भीरू, निर्मम

8) जूलिया को लेखक के यहाँ काम करते हुए कितना समय हो गया था?

9) कोल्या की _________ फट गई थी।

10) कहानी के अंत में लेखक ने जूलिया को कितने रूबल दिए?

11) जूलिया की मासिक वेतन कितना था?

12) किसने, किससे कहा?

"और इतनी बड़ी बात तुमने मुझे बताई भी नहीं"

13) नौकरानी ने________के जूते चुरा लिए थे।

14) मालकिन ने जूलिया को______रुबल दिए थे।

15) जूलिया ने_______और_______तोड़ डाले थे।

16) लेखक जूलिया को क्या समझाना चाह रहे थे?

17) वाक्य बनाएँ।

लापरवाही-

18) काल कितने प्रकार के होते हैं?

19) पर्यायवाची शब्दों को_______ शब्द भी कहा जाता है।

20) कमला, चपला, चंचला-शब्द लक्ष्मी के पर्याय हैं।

(सही/गलत)